# केस स्टडी-08/2025

जारी तिथि : 15.03.2025

Ref: Sr.DME/PA L. No.:PA/DM/DMIC/2025/02/12880+12838/BSL on Dted.15.03.25




**घटनाक्रम:-** दिनांक 13.03.25 को मध्य रेल्वे के भुसावल मंडल में खंडवा (KNW) स्टेशन पर डीजल MU लोको नं. 12880 (लीडिंग) +12838 (ट्रेलिंग)/WDG4/PADX को ट्रेन नं. SCGP/BOXHL के साथ 23.55 बजे अटेच किया गया। गाड़ी 3.55 बजे खंडवा से स्टार्ट हुई, 04.06 बजे BRJN स्टेशन पहुचते समय लोको पायलट ने ट्रेलिंग लोको 12838 में ब्रेक बाइंडिंग नोटिस किया। लोको पायलट ने होम सिग्नल पास करके गाड़ी को रोक कर (4.07 बजे) ट्रेलिंग लोको के ब्रेक बाइंडिंग को रिलीज करने की पूरी कोशिश की, यहाँ तक कि बोगी आयसोलेशन करने के उपरांत भी सफलता नहीं मिली। SSE/ PA शेड के निर्देशानुसार, ट्रेन को साईट से स्टार्ट कर BMA लूप लाइन तक चलाकर लाया गया। कुल 43 मिनट सेक्शन अवरोधित होने की वजह से ट्रेन नं. 22222 की समयपालन में हानि हुई।

**संभावित कारण:-**

इवेंट रिकॉर्डर द्वारा डाउनलोड डेटा को विश्लेषण करने पर पाया गया है कि रिलीज अवस्था में भी लीडिंग लोको 12880 में BC गेज 0 किग्रा/सेमी² तथा **ट्रेलिंग लोको 12838 में BC गेज 5.2 किग्रा/सेमी²** प्रेशर दर्शा रहा था। यह तभी संभव है जब LP लोड चार्जिंग के दौरान परीक्षण मोड में पेनल्टी से बचने के लिए **ट्रेलिंग लोको के ब्रेक वाल्व कंट्रोलर के L&T स्विच** को **"TEST MODE"** में रखा गया हो।

**उपरोक्त घटना से सबक:-** सभी कर्मीदल को निर्देश दिये जाते हैं कि जब भी MU डीजल लोको के साथ कार्य करते समय गाड़ी स्टार्ट /कैब बदलते समय निम्नलिखित निर्देशों का पालन कड़ाई से करें-

1. लीडिंग लोको के कार्यरत कण्ट्रोल कंसोल पर **L&T स्विच को "Lead"** तथा नॉन कार्यरत कण्ट्रोल कंसोल पर **'TRAIL"** पर व **ट्रेलिंग लोको के L&T स्विच को 'TRAIL"** पर होना सुनिश्चित करें।
2. लीडिंग लोको के डायरेक्ट ब्रेक (SA9) के द्वारा दोनों लोको प**र ब्रेक लगना तथा रिलीज होना** सुनिश्चित करें।
3. ट्रेलिंग लोको के डायरेक्ट ब्रेक (SA9) को **रिलीज पोजीशन पर** रखें।
4. गाड़ी स्टार्ट करने से पहले सुनिश्चित कर ले कि **ट्रेलिंग लोको में L&T स्विच "TEST" पोजीशन पर नहीं** हैं।

(निखिल सिंह)
वरि.मं.वि.इंजि.(परि.),नागपुर

**नोट:** केस स्टडी केवल कर्मीदल को काउन्सलिंग देने के उद्देश्य से तैयार की गई है, इसे काउन्सलिंग के अलावा किसी अन्य उद्देश्य के लिए मान्य नहीं होगा।

सभी मुख्य लोको निरीक्षक/मुख्य लोको नियंत्रक उपरोक्त निर्देशों को सभी लोको रनिंग कर्मचारियों को अवगत कराएं एवं कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें।